SEAL

व्याख्याता भर्ती - 2013

Sr. No. 100591

# 13/SRUNS

Set-*A*

| Seal of Superintendent of Examination Centre & Signature of Invigilator | To be filled in by candidate by Ball-Point pen only<br>Roll Number     Serial No. of Answer Sheet<br>☐☐☐☐☐☐     ☐☐☐☐☐☐<br>Declaration : I have read and understood the directions given below. |
|---|---|
| Signature of Invigilator ........................ | Signature of Candidate : ........................... Date : .................. |
| Name of Invigilator .............................. | Name of Candidate : ................................ Time : .................. |

Number of Pages in Booklet : **48**     No. of Questions : **100**

**INSTRUCTIONS TO CANDIDATES**

1. (a) Candidates are allowed **10 minutes** to fillup the basic information about themselves in the OMR answer sheet such as Name, Roll No., etc.
   (b) After this, question booklet will be given to the candidates they are required to do the following :
   (i) Examine the booklet and to see that paper seals at the edge of the booklet are intact. **Do not accept** the question booklet if sticker seals are not intact.
   (ii) Tally the number of pages along with no. of questions printed on cover of the booklet.
   (iii) Check that question booklet contains the questions of all relevant subjects/topics as required and stated in the **Note** and no repetition or omission of qustions is evident.
   **In case of any discrepancy please get the booklet changed.** This should be done within **5 minutes** of receiving the question booklet, after which neither the question booklet will be replaced nor extra time will be given.
   (iv) After examining the question booklet please enter the Serial No. of the question booklet at the appropriate place in the answer sheet and the corresponding circles be darkened with Black ball-point pen.
   (c) Candidates are not permitted to mark answers in the Answer Sheet in these **15 minutes**. **2 hours** more will be given to marking all the answers.
2. (a) On page 1 of Answer Sheet in upper half portion, write Name, Roll No., Name of Exam, Name of Exam Centre, Date of Exam and Sr. No. of Question Booklet supplied to you. Put your signatures also. On the lower half portion of this page fill in the boxes ☐ of the first topmost line in capital letters, your surname and name (in English). Write one letter in each box ☐. Below each letter darken with Black ball-point pen the circle ○ bearing same letter.
   (b) On page 2 of Answer Sheet fill in your Roll No., etc. by writing in the ☐ and below it by darkening corresponding ○.
   (c) On page 2 of Answer Sheet only the answers to questions are to be marked. The instructions for this are available on the back cover page of this question booklet.
   (d) All entries to be made by Black ball-point pen.
3. Optical Mark Reader (OMR) machine prepares the result by reading the entries made in the circles ○ with the Black ball-point pen on page 1 and 2 of the Answer Sheet, hence the candidate must be extremely careful in marking these entries and must not commit errors.
4. **Please do not write** anything extra except what is asked for.
5. USE OF ANY CALCULATOR, LOG TABLES OR ANY OTHER ELECTRONIC GADGETS, MOBILE PHONES IS PROHIBITED.
6. Rough work should be done on the blank pages provided after each section or Subject. Extra paper will not be supplied.

(For instructions regarding marking the answers please see the back cover page of this Question Booklet.)

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश**

1. (क) अभ्यर्थियों को ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में प्रविष्टियाँ जैसे नाम, रोल नं. आदि भरने के लिए **10 मिनट** का समय दिया गया है।
   (ख) इस 10 मिनट के पश्चात् अभ्यर्थियों को प्रश्न-पुस्तिका दी जायेगी। आपको निम्नानुसार कार्यवाही करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका में चारों तरफ से लगी हुई कागज की सील देख लें। बिना कागज की सील लगी अथवा खुली हुई प्रश्न-पुस्तिका **स्वीकार न करें**।
   (ii) प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठों तथा प्रश्नों की संख्या का मिलान इस मुख पृष्ठ पर दी गई संख्याओं से कर लें।
   (iii) प्रश्न-पुस्तिका में सभी सम्बन्धित विषय/भाग जैसा कि नोट में दिया गया है, के प्रश्न सम्मिलित हैं या प्रश्न दुबारा अंकित तो नहीं हैं या प्रश्न छपे ही नहीं हैं आदि की जाँच अनिवार्य रूप से करें।
   **यदि इसमें कोई भिन्नता हो तो कृपया प्रश्न-पुस्तिका बदल लें।** यह कार्यवाही आपको प्रश्न-पुस्तिका मिलने के **5 मिनट** के अंदर करनी है। इसके पश्चात् न तो प्रश्न-पुस्तिका बदली जायेगी और न ही अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
   (iv) प्रश्न-पुस्तिका की जाँच के उपरान्त प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक अपनी उत्तर-शीट में अंकित करें एवं Black ball-point पेन से संबंधित गोलों को भरें।
   (ग) परीक्षा प्रारंभ होने के **15 मिनट** की इस अवधि में उत्तर अंकित करने की अनुमति नहीं है। उत्तर अंकित करने के लिए **2 घण्टे** का समय और दिया जायेगा।
2. (क) दी गई उत्तर-शीट के पृष्ठ 1 के ऊपरी आधे हिस्से में अपना नाम, रोल नं., परीक्षा का नाम, परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा तिथि एवं प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या अंकित करें। अपने हस्ताक्षर भी करें। इसी पृष्ठ के निचले आधे हिस्से में सबसे ऊपर की लाइन में बने ☐ खानों में अंग्रेजी के कैपीटल लैटर में अपना सरनेम एवं नाम लिखें। एक ☐ खाने में एक ही अक्षर लिखें, फिर प्रत्येक अक्षर के नीचे उसी अक्षर वाले गोले ○ को Black ball-point पेन से गहरा काला करके भरें।
   (ख) उत्तर-शीट के पृष्ठ 2 पर रोल नं. आदि ☐ खाने में लिखें एवं संबंधित ○ गोले को Black ball-point पेन से काला करें।
   (ग) उत्तर-शीट के पृष्ठ 2 पर प्रश्नों के उत्तर अंकित करने हैं। इस संबंध में निर्देश इस प्रश्न-पुस्तिका के पीछे दिये गये हैं।
   (घ) सभी प्रविष्टियाँ Black ball-point पेन से की जानी हैं।
3. ऑप्टिकल मार्क रीडर (OMR) मशीन उत्तर-शीट की Black ball-point पेन से भरे गोलों ○ की प्रविष्टियों को पढ़कर परीक्षाफल तैयार करती है, अत: परीक्षार्थियों को सचेत किया जाता है कि वे उत्तर-शीट के पृष्ठ 1 व 2 पर प्रविष्टियों को भरते समय पूरी-पूरी सावधानी बरतें एवं कोई त्रुटि न करें।
4. उत्तर-शीट पर निर्धारित स्थानों पर चाही गई प्रविष्टियाँ भरने के अलावा कुछ न लिखें।
5. **किसी भी प्रकार के कैलकुलेटर, लॉग टेबिल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल फोन आदि का प्रयोग वर्जित है।**
6. रफ कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका के खाली पृष्ठों जोकि प्रत्येक भाग या विषय के बाद खाली छोड़ी गई निर्धारित जगहों पर करें अतिरिक्त पृष्ठ नहीं दिये जायेंगे।

(उत्तर अंकित करने के लिए कृपया प्रश्न-पुस्तिका के पीछे कवर पेज पर दिये गये निर्देशों को देखें।)

SEAL



SEAL

# 13/SRUNS

**Time for marking all 100 Questions : 2:00 Hours]** **[Maximum Marks : 100**

**सभी 100 प्रश्नों को अंकित करने का समय : 2:00 घण्टे]** **[अधिकतम अंक : 100**

# Set–A

## NOTE

1. This question booklet contains **100** questions numbered from **1** to **100** and each question carries **1** mark. All questions are compulsory. There is no negative marking.
2. Tally the number of pages along with no. of questions printed on cover page of the booklet. Also check that question booklet contains the questions of all relevant subjects/topics, as required and stated above and no repetition or omission of questions is evident.
3. If any discrepancy is found in the Question Booklet, the same can be replaced with another correct Question Booklet within first **15** minutes.
4. Before answering the questions please read carefully the instructions printed on the back cover page of the question booklet and strictly follow them. **Indicate your answers by blacking circles carefully only on the O.M.R. Answer Sheet provided.**
5. Use of any type of calculator, mobile phone or any other electronic equipment and log table etc. is strictly prohibited.

## नोट

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **100** प्रश्न क्रमांक **1** से **100** तक हैं एवं प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कोई ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं है।
2. प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठों तथा प्रश्नों की संख्या का मिलान मुख पृष्ठ पर दी गई संख्याओं से कर लें। साथ ही प्रश्न-पुस्तिका में सभी सम्बन्धित विषय/भाग जैसा कि ऊपर दिया गया है, के प्रश्न सम्मिलित हैं या प्रश्न दुबारा अंकित तो नहीं हैं या प्रश्न छपे ही नहीं हैं आदि की जाँच अनिवार्य रूप से करें।
3. प्रश्न-पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसे प्रथम **15** मिनट में बदलकर सही प्रश्न-पुस्तिका दी जायेगी।
4. प्रश्न-पत्र हल करने से पहले प्रश्न-पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर अंकित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उनका कड़ाई से पालन कीजिए। **प्रश्नों के उत्तर दी गई ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर सावधानीपूर्वक गोले काले कर ही अंकित कीजिए।**
5. किसी भी प्रकार के कैलकुलेटर, मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं लॉग टेबिल आदि का उपयोग करना वर्जित है।

1. Which of the following actions would a nurse take before changing dressing of a patient, who has sustained a large partial thickness burn ?

(A) Checking vital signs including blood pressure

(B) Obtaining a singed consent for this procedure

(C) Administering the pain medication as prescribed

(D) Arranging music of patient's choice to be played during the procedure for distraction

आंशिक मोटाई से जले मरीज की ड्रेसिंग बदलने से पहले नर्स निम्न क्रियाओं में से कौनसा कार्य करेगी ?

(A) रक्तचाप सहित महत्त्वपूर्ण संकेत की जाँच

(B) इस प्रक्रिया के लिए हस्ताक्षरित सहमति प्राप्त करें

(C) आदेश के अनुसार दर्दनाशक दवा दें

(D) प्रक्रिया के दौरान ध्यान बँटाने के लिए उसकी पसन्द का संगीत लगाएँ।

2. Which of the following diets promotes wound healing ?

(A) Low carbohydrate, high protein, high vitamin C

(B) Diet containing high carbohydrate, high protein and vitamin C

(C) High protein, high vitamin A and C

(D) Adequate calories, protein, Vitamin D and E

निम्नलिखित आहार में से कौनसा घाव भरने में बढ़ावा देता है ?

(A) कम कार्बोहाइड्रेट, उच्च प्रोटीन, उच्च विटामिन 'सी'

(B) आहार उच्च कार्बोहाइड्रेट, उच्च प्रोटीन और विटामिन 'सी'

(C) उच्च विटामिन 'ए' और 'सी'

(D) पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, विटामिन 'डी' और 'ई'

3. Crackling, rattling or bubbling is an abnormal sound heard on auscultation of the chest :
(A) Stridor
(B) Rhonchus
(C) Rale
(D) Wheeze

छाती की सुनने की क्रिया पर तीखी, रेटलिंग व बुदबुदाती आवाज एक असामान्य ध्वनि कौनसी है ?
(A) स्ट्रीडर
(B) रोन्कॉस
(C) रेल
(D) वीज़

4. Sudden return to normal temperature from a very high temperature within a few hours or days is known as :
(A) Crisis fever
(B) Low grade fever
(C) Continuous fever
(D) Intermittent fever

बहुत उच्च तापमान कुछ घंटों या दिनों के भीतर ही अचानक सामान्य होने को क्या कहते हैं ?
(A) क्राइसिस बुखार
(B) कम ग्रेड बुखार
(C) कॉन्टीन्युअस बुखार
(D) इन्टरमिटेंट बुखार

5. The action of the Mydriatic eye drops is :
(A) To decrease the capacity of the lens
(B) To reduce the intra – ocular pressure
(C) To improve drainage through schlemm's canal
(D) To dilate the pupil

मिड्रिएटिक आई ड्रॉप्स का क्या कार्य है ?
(A) लेन्स की क्षमता को कम करना
(B) आँख का दबाव कम करना
(C) स्कलेम नहर के माध्यम से जल निकासी में सुधार करना
(D) आँख की पुतली में फैलाव करना

6. Which of the following is most appropriate for the nurse to assess while the client with head injury is receiving manitol ?

(A) Respiratory rate

(B) Urinary out-put

(C) Level of pain

(D) Skin condition

सिर पर चोट लगे मरीज को मैनीटॉल मिल रहा है। निम्न में से कौनसा आकलन करने के लिए नर्स के लिए सबसे उपयुक्त है ?

(A) श्वसन दर

(B) यूरीनरी आउटपुट

(C) दर्द के स्तर

(D) त्वचा की स्थिति

7. Glasgow coma scale has all except :

(A) Verbal response

(B) Motor response

(C) Sensory impairment

(D) Eye opening

निम्न में से केवल एक संकेत को छोड़कर ग्लासगो कोमा स्केल में नहीं आता :

(A) मौखिक प्रतिक्रिया

(B) मोटर प्रतिक्रिया

(C) सेन्सरी इम्पेयरमेंट

(D) आँख का खोलना

8. Chemical used to clean furniture is :
   (A) Glutheraldehyde
   (B) Savlon
   (C) Betadine
   (D) Both (A) and (B)

रसायनिक जो फर्नीचर साफ करने के लिए प्रयोग किया जाता है :
   (A) ग्लूथरैल्डिहाइड
   (B) सेवलॉन
   (C) बीटाडीन
   (D) (A) और (B) दोनों

9. Position used for giving oral care is :
   (A) Prone
   (B) Lithotomy
   (C) Semi fowler
   (D) None of these

मुँह की सफाई करते समय मरीज को कौनसी स्थिति में रखते हैं ?
   (A) मुँह के बल लेटना
   (B) लिथोटॉमी
   (C) सेमी फॉलर
   (D) इनमें से कोई नहीं

10. Purpose of back care :
   (A) To promote circulation
   (B) To promote comfort
   (C) None of these
   (D) Both (A) and (B)

पीठ की देखभाल के उद्देश्य इस प्रकार हैं :
   (A) परिसंचरण को बढ़ावा देने के लिए
   (B) सुविधा को बढ़ावा देने के लिए
   (C) इसमें से कोई नहीं
   (D) (A) और (B) दोनों

11. Purpose of cold application are all of the following except :

(A) To increase the drainage of abdominal cavity

(B) To relieve breathing difficulty (Dyspnoea)

(C) To increase circulation towards brain

(D) To relieve tension on abdominal sutures.

निम्नलिखित सभी कोल्ड एप्लीकेशन देने के उद्देश्य हैं, सिवाए एक के :

(A) उदर गुहा की जल निकासी को बढ़ाने के लिए

(B) साँस लेने में कठिनाई को राहत देने के लिए

(C) मस्तिष्क की ओर परिसंचरण को बढ़ाने के लिए

(D) पेट के टाँकों पर से तनाव दूर करने के लिए

12. The nurse is planning to give steam inhalation to soften thick and tenacious secretion and to relieve the congestion in upper respiratory tract. The temperature of water should remain between :

(A) 120 – 160° F

(B) 50 – 60° F

(C) 80 – 100° F

(D) None of these

मोटी और दृढ़ स्राव को नरम करने के लिए व ऊपरी श्वास नलिका में कॉन्जेशन से राहत पहुँचाने के लिए नर्स भाप साँस देने की योजना बना रही है। उसके लिए पानी का तापमान क्या सुनिश्चित करना चाहिए ?

(A) 120 – 160° F

(B) 50 – 60° F

(C) 80 – 100° F

(D) इनमें से कोई नहीं

13. Suction pressure applied during endotrachial suctioning of 45 years old lady is :

(A) 50 – 95 mm of Hg
(B) 95 – 100 mm of Hg
(C) 110 – 150 mm of Hg
(D) None of these

45 वर्ष की महिला के लिए एन्डोट्रकियल सक्शनिंग के दौरान सक्शन दबाव क्या होना चाहिए ?

(A) 50 – 95 एम.एम. ऑफ एच-जी.
(B) 95 – 100 एम.एम. ऑफ एच-जी.
(C) 110 – 150 एम.एम. ऑफ एच-जी.
(D) इनमें से कोई नहीं

14. Which of the pulse is palpated to see the effectiveness of CPR ?

(A) Ulnar
(B) Carotid pulse
(C) Radial
(D) Temporal

प्रभावी सी.पी.आर. को देखने के लिए कौनसी नाड़ी पेलपेट करनी चाहिए ?

(A) अलनार
(B) केरोटिड नाड़ी
(C) रेडियल
(D) टेम्पोरल

15. The nurse is planning to inject solution (enema) into lower bowel for washing and evacuating its contents. Suggested amount of solution for adult is :

(A) 750 – 1000 ml
(B) 250 – 350 ml
(C) 150 – 250 ml
(D) 300 – 500 ml

नर्स निचली आँत को धोने व उसकी सामग्री निकालने के लिए एनीमा की तैयारी कर रही है। एक वयस्क के लिए पानी की मात्रा कितनी होनी चाहिए ?

(A) 750 – 1000 एम. एल.
(B) 250 – 350 एम. एल.
(C) 150 – 250 एम. एल.
(D) 300 – 500 एम. एल.

16. Temperature of solution to give enema to adult is :

(A) 105 – 110° F

(B) 100° F

(C) 90° F

(D) None of these

एक वयस्क व्यक्ति को एनीमा देने के लिए पानी का तापमान यह रखना चाहिए :

(A) 105 – 110° F

(B) 100° F

(C) 90° F

(D) इनमें से कोई नहीं

17. Euthanasia is :

(A) Painless death

(B) Good death

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

इच्छामृत्यु कहते हैं :

(A) दर्दरहित मौत

(B) अच्छी मौत

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

18. Solution used in oral care except :

(A) $KMNO_4$

(B) $H_2O_2$

(C) Betadine

(D) Lemon Juice

सिवाय एक घोल के बाकी सभी निम्नलिखित घोल मुँह की देखभाल के लिए इस्तेमाल होते हैं :

(A) $KMNO_4$

(B) $H_2O_2$

(C) बीटाडीन

(D) नीबू का रस

19. All are ear problems except :

(A) Otitis media

(B) Foreign bodies

(C) Squint

(D) Impact cerument

केवल एक को छोड़कर बाकी सभी कान की समस्याएँ हैं :

(A) ओटाइटिस मीडिया

(B) फोरेन बॉडीज

(C) भेंगापन

(D) प्रभाव सेरूमेन्ट

20. A patient admitted in the ward receiving blood transfusion. Soon after, patient starts shivering and complaints back pain. All actions are appropriate. What would be the first action of the nurse ?

(A) Call the doctor

(B) Stop blood transfusion

(C) Reassure the patient

(D) Give injection Avil and Hydrocortisone as standing order

वार्ड में भर्ती मरीज को रक्त ट्रांसफ्यूजन दे रहे हैं। शुरू होने के तुरन्त बाद रोगी कँपकँपाहट के साथ पीठ में दर्द की शिकायत करता है। नर्स की निम्न सभी कार्रवाई उपयुक्त हैं। वह सबसे पहले कौनसी कार्रवाई करेगी ?

(A) डॉक्टर को बुलाना

(B) रक्त ट्रांसफ्यूजन को बंद करना

(C) रोगी को आश्वस्त करना

(D) स्थाई आदेश के रूप में इंजेक्शन एविल और हाइड्रोकोर्टीसॉन लगाना

21. All are bacterial live vaccine except :

(A) BCG vaccine

(B) Anthrax vaccine

(C) Oral vaccine for typhoid fever

(D) TAB for enteric fever

केवल एक को छोड़कर सभी लाइव वैक्टीरियल टीका हैं :

(A) बी.सी.जी. वैक्सीन

(B) एंथ्रेक्स टीका

(C) ओरल टाइफाइड ज्वर का टीका

(D) आंत्र ज्वर के लिए TAB

22. Ethical consideration involves :

(A) Respect and Justice only

(B) Beneficence

(C) Fidelity

(D) All of these

इनमें नैतिक विचार शामिल है :

(A) केवल सम्मान और न्याय

(B) उपकार

(C) फिडैलिटी

(D) ये सभी

23. Primary source of data :

(A) Client

(B) Family

(C) Record

(D) None of these

डाटा का प्राथमिक स्रोत :

(A) क्लाइंट

(B) परिवार

(C) रिकॉर्ड

(D) इनमें से कोई नहीं

24. Make sure during discharge :

(A) Written consent of Physician

(B) Orally

(C) By telephonically

(D) None of these

छुट्टी के दौरान सहमति सुनिश्चित करें :

(A) फिजिशियन की लिखित सहमति

(B) मौखिक रूप से

(C) टेलीफोन द्वारा

(D) इनमें से कोई नहीं

25. A person see a rope and fears like a snake, is called is :

(A) Depersonalization

(B) Hallucination

(C) Delusion

(D) Illusion

एक व्यक्ति रस्सी को साँप समझकर डरता है। इसे क्या कहते हैं ?

(A) डीपर्सनलाइजेशन

(B) माया (हैलूसिनेशन)

(C) भ्रम (डिल्यूजन)

(D) भ्रम (इल्यूजन)

26. Delusion is not present in :

(A) Depression

(B) Mania

(C) O.C.D.

(D) Delirium

निम्नलिखित कंडीशन में भ्रम (डिल्यूजन) मौजूद नहीं होता :

(A) अवसाद (डिप्रेशन)

(B) उन्माद (मैनिया)

(C) ओ.सी.डी.

(D) प्रलाप (डिलीरियम)

27. A man hits neighbour. Next day, he feels that police is behind him and his brains being controlled by ration waves by his neighbour, the probable diagnose is :

(A) OCD

(B) Passive feeling

(C) Thought insertion

(D) Delusion of persecution

एक आदमी जिसने पड़ोसी को (हिट) मारा और अगले दिन उसे महसूस होता है कि पुलिस उसके पीछे पड़ी है और पड़ोसी उसके दिमाग को तरंगों द्वारा नियंत्रित कर रहा है। इसका संभावित डाइग्नोज यह है :

(A) ओ.सी.डी.

(B) पेस्सिव फीलिंग

(C) थोट इन्सर्शन

(D) डिल्यूजन ऑफ पर्सीक्युशन

28. E.C.T. is more effective in the clients any one of the following conditions :

(A) Hysterical neurosis

(B) OCD

(C) Mania

(D) Schizophrenia

ई.सी.टी. निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी एक मरीज में अधिक प्रभावी है :

(A) हिस्टेरिकल न्यूरोसिस

(B) ओ.सी.डी.

(C) उन्माद (मैनिया)

(D) सीजोफ्रेनिया

29. In Schizophrenia when an individual believes they are in danger, this is referred to as :
(A) Delusion of grandeur
(B) Delusion of Persecution
(C) Delusion of control
(D) Nihilistic delusion

सीजोफ्रेनिया से ग्रसित व्यक्ति दूसरों से अपने लिए खतरा मानता है उसे कहते हैं :
(A) उत्पीड़न की भव्यता
(B) उत्पीड़न का भ्रम
(C) नियंत्रण का भ्रम
(D) निहिलिस्टिक भ्रम

30. The following withdrawal after extended heavy drinking over a number of years the drinker may experience :
(A) Delirium Tremens (DTs)
(B) Dysrhythmia
(C) Homeostasis
(D) Leptokurtic reaction

कई साल तक भारी शराब पीने पर जब शराब पीना छोड़ देता है तब व्यक्ति विदड्रोल लक्षण महसूस करता है। उसे क्या कहते हैं ?
(A) प्रलाप ट्रेमन्स (डी.टी-एस)
(B) दुस्तालता
(C) होमियोस्टेसिस
(D) लेप्टोकर्टिक रियेक्शन

31. Cognitive disorder are :
(A) Intellectualization
(B) Dementia
(C) Depersonalization
(D) Schizophrenia

कॉग्नीटिव (संज्ञानात्मक) विकार यह है :
(A) इन्टीलेक्चुअलाइजेशन
(B) मनोभ्रंश (डिमेन्शिया)
(C) डीपर्सनलाइजेशन
(D) सीजोफ्रेनिया

32. Bill of rights for mentally ill patient includes :

(A) Right to an individualized written, treatment plan

(B) Right to ongoing participation in planning of services

(C) Right to a human treatment environment

(D) All of these

मानसिक रूप से बीमार रोगी के अधिकार का विधेयक शामिल है :

(A) व्यक्तिगत रूप से लिखा, उपचार योजना का अधिकार

(B) सेवाओं की योजना बनाने में चल रही भागीदारी का अधिकार

(C) एक मानवीय व्यवहार पर्यावरण का अधिकार

(D) ये सभी

33. Which of the following physical symptoms are associated with panic attack ?

(A) Heart palpitation

(B) Perspiration

(C) Hyperventilation

(D) All of these

निम्नलिखित शारीरिक लक्षणों में से कौनसा लक्षण पैनिक अटैक इंगित करता है ?

(A) हार्ट घबराहट

(B) पसीना

(C) हाइपरवेन्टीलेशन

(D) ये सभी

34. Fear of closed space is called as :

(A) Insectophobia

(B) Claustrophobia

(C) Cynophobia

(D) Gamatophobia

बन्द जगह में डर लगने को क्या कहते हैं ?

(A) इन्सेक्टोफोबिया

(B) क्लॉस्ट्रोफोबिया

(C) साइनोफोबिया

(D) गेमेटोफोबिया

35. True about mania except :

(A) Anhedonia

(B) Elevated mood

(C) Delusion of grandiosity

(D) Distractibility

निम्न सभी उन्माद के बारे में सत्य है सिवाय एक लक्षण के :

(A) एनहीडोनिया

(B) प्रसन्न मनोवृत्ति

(C) भव्यता का भ्रम

(D) विचलित होना (डिस्ट्रेक्टिबिलिटी)

36. Drug of choice for rapid cycling PDP :

(A) Lithium

(B) Sodium vaporate

(C) Haloperidol

(D) Carbamazepine

पी. डी. पी. के तेज घटना चक्र में पसन्द की दवा यह है :

(A) लिथियम

(B) सोडियम वेपोरेट

(C) हेलोपेरीडोल

(D) कार्बामाजेपाइन

37. Mania is characterized by :

(A) Paranoid delusion

(B) High self esteem

(C) Loss of insight

(D) Loss of orientation

उन्माद की विशेषता है :

(A) पैरानॉयड भ्रम

(B) उच्च आत्म सम्मान

(C) लॉस ऑफ इन्साइट

(D) लॉस ऑफ ओरियेन्टेशन

**38.** Physical symptoms of grief are the following except :

(A) Weakness

(B) Insomnia

(C) Anorexia

(D) Difficulty to concentration

निम्न में से केवल एक को छोड़कर भारी दु:ख में होने के शारीरिक लक्षण हैं :

(A) कमजोरी

(B) अनिद्रा

(C) आहार के लिए कठिनाई

(D) एकाग्रता के लिए कठिनाई

**39.** Temporary hardness of water can be removed by :

(A) Boiling

(B) Filtration

(C) Disinfection

(D) Chlorination

पानी की अस्थाई कठोरता को किस तरह हटाया जा सकता है ?

(A) उबालकर

(B) फिल्ट्रेशन

(C) कीटाणुशोधन

(D) क्लोरीनीकरण

**40.** The most common cause of death in children under five years of age :

(A) Diarrhoea

(B) Measles

(C) Accident

(D) Pre-maturity

पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का सबसे आम कारण है :

(A) डायरिया

(B) खसरा

(C) दुर्घटना

(D) पूर्व-परिपक्वता (प्री-मैच्योरिटी)

41. Cooper-T is contraindicated in :

(A) Pregnancy

(B) Pelvic infections

(C) Heart disease

(D) All of these

कॉपर-टी निम्न परिस्थिति में नहीं लगाते :

(A) गर्भावस्था

(B) श्रोणि संक्रमण

(C) हृदय रोग

(D) ये सभी

42. The first person becoming sick in an epidemic is called :

(A) Primary case

(B) Secondary case

(C) Contact case

(D) Index case

महामारी में सबसे पहले बीमार व्यक्ति को क्या कहते हैं ?

(A) प्राथमिक मामला

(B) माध्यमिक मामला

(C) संपर्क मामला

(D) ये सभी

43. Which of the following is also called break bone fever :

(A) Dengue

(B) Chikungunya

(C) Kala Azar fever

(D) Enteric fever

निम्न में से कौनसा हड्डी तोड़ बुखार कहा जाता है ?

(A) डेंगू

(B) चिकनगुनिया

(C) काला आजार ज्वर

(D) आंत्र ज्वर

**44.** Neonatal Tetanus most often manifested at :

(A) Birth

(B) 48 hours

(C) 7th days

(D) 14th days

नवजात शिशु में ज्यादातर टिटैनस कब प्रकट होता है ?

(A) जन्म से ही

(B) 48 घंटे में

(C) 7वें दिन

(D) 14वें दिन

**45.** The most common side effect of women fitted with IUD is :

(A) Pain

(B) Increase vaginal bleeding

(C) Pelvic infection

(D) Uterine perforation

आई.यू.डी. लगी महिलाओं में सबसे दुष्प्रभाव यह होता है :

(A) दर्द

(B) योनि से खून में बढ़ाव

(C) श्रोणि संक्रमण

(D) गर्भाशय वैध (परफोरेशन)

**46.** Highest source of vitamin A is seen in :

(A) Cod liver oil

(B) Green leafy vegetables

(C) Papaya

(D) Carrot

विटामिन A का उच्चतम स्रोत है :

(A) कॉड लिवर ऑयल

(B) हरे पत्तेदार सब्जियाँ

(C) पपीता

(D) गाजर

47. Demography includes study of :

(A) Fertility

(B) Mortality

(C) Social morbidity

(D) All of these

जनसांख्यिक के अध्ययन में शामिल है :

(A) फर्टिलिटी

(B) मृत्यु

(C) सामाजिक रुग्णता

(D) ये सभी

48. Which of the following nutritional problems is common among infants and pre-school children in developing countries like India ?

(A) Vitamin A deficiency

(B) Anaemia

(C) Protein energy malnutrition

(D) All of these

भारत जैसे विकासशील देशों में शिशुओं व स्कूल पूर्व बच्चों में पोषण की समस्या का आम कारण क्या है ?

(A) विटामिन ए की कमी

(B) रक्ताल्पता (अनीमिया)

(C) प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण

(D) ये सभी

49. One of the following is not an energy yielding food :

(A) Carbohydrate

(B) Fat

(C) Vitamin and Minerals

(D) Protein

निम्न में से एक ऊर्जा उपज भोजन नहीं है :

(A) कार्बोहाइड्रेट

(B) वसा

(C) विटामिन और खनिज

(D) प्रोटीन

**50.** One of the following is not a macro-nutrient :

(A) Vitamin

(B) Protein

(C) Fat

(D) Carbohydrate

निम्न में से एक स्थूल पोषक तत्त्व नहीं है :

(A) विटामिन

(B) प्रोटीन

(C) फैट

(D) कार्बोहाइड्रेट

**51.** Vitamin A drops are being given orally to children in six to nine doses. The first dose of 1,00,000 I.U. is given at the age of :

(A) 6 months

(B) 9 months

(C) 1 year

(D) 1½ years

विटामिन ए की बूँदें छः से नौ खुराकें बच्चों को मुँह से दी जाती हैं। 1,00,000 आई. यू. की पहली खुराक किस उम्र में दी जाती है ?

(A) 6 महीने में

(B) 9 महीने में

(C) 1 वर्ष में

(D) 1½ वर्ष में

52. Which term describes development in the head to tail direction ?

(A) Sequential trend

(B) Proxi modistal pattern

(C) Cephalocaudal trend

(D) Mass specific pattern

शब्द जो सिर से पूँछ दिशा के लिये विकास का वर्णन करता है उसे क्या कहते हैं ?

(A) अनुक्रमिक प्रवृत्ति (सीक्वेंशियल)

(B) प्रोक्सीमोडिस्टल पैटर्न

(C) सिफेलोकॉडल प्रवृत्ति

(D) मास विशिष्ट पैटर्न

53. Child smiles at familiar person at the age of :

(A) 1 month

(B) 2 months

(C) 4 months

(D) 6 months

बच्चा किस उम्र में परिचित व्यक्ति के साथ मुस्कराता है ?

(A) 1 महीने में

(B) 2 महीने में

(C) 4 महीने में

(D) 6 महीने में

54. Bone most frequently fractured during delivery is the :

(A) Radius

(B) Clavicle

(C) Humerus

(D) Ulna

प्रसव के दौरान अक्सर बच्चे की कौनसी हड्डी टूटती है ?

(A) त्रिज्या (रेडियस)

(B) हंसली (कलेविकल)

(C) प्रगंडिका (ह्यूमरस)

(D) कुहनी की हड्डी (अल्ना)

55. Physiological icterus usually appears on the regress by the :

(A) 1st day and 3rd day

(B) 3rd day and 7th day

(C) 5th day and 10th day

(D) 9th day and 11th day

फिजिओलॉजीकल शारीरिक इक्टेरस (पीलिया) आमतौर पर जन्म के किस दिन बाद प्रकट व खत्म होता है ?

(A) 1 दिन व 3 दिन

(B) 3 दिन व 7 दिन

(C) 5 दिन व 10 दिन

(D) 9 दिन व 11 दिन

56. Child is having shallow respiration with 5 second periods of apnoea. What action should a nurse take ?

(A) Notify the physician immediately

(B) Request an order for supplemental oxygen

(C) Continue routine monitoring

(D) Bring the crash cart to room

एक बच्चा में शैलो श्वास के साथ 5 सेकण्ड का एपनिया है। इसके लिए एक नर्स को क्या कार्यवाही करनी चाहिए ?

(A) तुरन्त चिकित्सक को सूचित करे

(B) पूरक ऑक्सीजन के लिए एक आदेश का अनुरोध करे

(C) नियमित निगरानी जारी रखें

(D) कमरे में दुर्घटना बॉक्स लाये

**57.** Child diagnosed with idiopathic thrombocytopenic purpura has the following clinical manifestation :

(A) patchiae

(B) Dark coloured urine

(C) External haemorrhage

(D) Temperature more than 101° F

इडियोपेथिक थ्रॉम्बोसाइटोपेनिक परपूरा से ग्रसित बच्चों में निम्नलिखित लक्षण पाये जाते हैं :

(A) पैकी

(B) काले रंग का मूत्र

(C) बाहरी रक्तस्राव

(D) तापमान 101° F से अधिक

**58.** Which vitamin nurse must make sure the child diagnosed with iron deficiency anaemia, is taking with iron ?

(A) Folic acid

(B) Ascorbic acid

(C) Niacin

(D) Riboflavin

नर्स को ऐनीमिया से ग्रसित बच्चे को आयरन की गोली के साथ कौनसा विटामिन लेने के लिए सुनिश्चित करना चाहिए ?

(A) फोलिक एसिड

(B) एस्कॉर्बिक एसिड

(C) नियासिन

(D) राइबोफ्लेविन

59. Which finding most likely indicates a child has urinary tract infection ?

(A) He has clear unine

(B) He drinks a lot of fluids at frequent intervals

(C) He is toilet trained but experience enuresis

(D) He urinates once in the morning and once in the evening

किस निष्कर्ष से पता चलता है कि बच्चे के मूत्र में संक्रमण होने की सबसे अधिक सम्भावना है ?

(A) पेशाब स्पष्ट व साफ है

(B) लगातार अन्तराल में तरल पदार्थ बहुत पीता है

(C) वह शौचालय प्रशिक्षित है लेकिन एनुरेसिस अनुभव होता है

(D) वह सुबह एक बार व शाम को एक बार पेशाब जाता है

60. Which nutrient decreases the incidence of neural tube defects (NTDs) ?

(A) Vitamin–A

(B) Vitamin–C

(C) Vitamin–D

(D) Folic acid

कौनसे पोषक तत्त्वों से न्यूरल ट्यूब दोषों की घटना को कम किया जा सकता है ?

(A) विटामिन-ए

(B) विटामिन-सी

(C) विटामिन-डी

(D) फोलिक एसिड

61. Which assessment finding suggested that a neonatal has Spina bifida occulta ?

(A) Bilateral hip dislocation

(B) Bulging anterior fontanel

(C) Notificeable dimpling above the separation of buttocks

(D) No movement in lower extremities

किस आकलन की खोज से पता चलता है कि नवजात में स्पाइना-बाइफिडा ऑकल्टा मौजूद है ?

(A) द्विपक्षीय हिप अव्यवस्था (बाइलैटरल हिप डिस्लोकेशन)

(B) पूर्वकाल फॉण्टानेल उभड़ा (बल्जिंग एण्टीरीयर फॉण्टानेल)

(C) नितंबों की जुदाई ऊपर नोटिफिसीयेबल डिम्पलिंग

(D) टांगों में कोई हरकत नहीं है

62. A child with difficult breathing and a barking cough is displaying signs :

(A) Cystic fibrosis

(B) Asthma

(C) Epiglottis

(D) Croup

एक बच्चा जिसे सांस लेने में तकलीफ के साथ-साथ भौंकने वाली खाँसी है, वह क्या लक्षण प्रदर्शित कर रहा है ?

(A) सिस्टिक फाइब्रोसिस

(B) अस्थमा

(C) उपकण्ठ

(D) क्रुप (Croup)

63. The most commonly identified viral pathogen that produces diarrhoea is :

(A) Giardia

(B) Rotavirus

(C) Salmonella

(D) Shigilla

सबसे अधिक पहचाना वायरल रोगजनक जिससे दस्त होते हैं, है :

(A) जीआर्डिया

(B) रोटावायरस

(C) सालमोनेला

(D) शिगीला

64. Which signs and symptoms would you expect in an infant with intussusceptions ?

(A) Projectile vomiting containing formula but no bile

(B) Ribbon like stool

(C) Abdominal distension and pale, watery stool

(D) Severe colicky abdominal pain and a sausage shaped mass in the right upper quadrant

आप एक शिशु में जो इन्टस्ससेप्शन से ग्रसित है, क्या लक्षण पाये जाते हैं ?

(A) प्रोजेक्टायल उल्टी लेकिन कोई पित्त नहीं

(B) रिब्बन की तरह मल

(C) उदर फैलावट और मल पीला पानी की तरह

(D) गम्भीर कॉलिकी पेट दर्द व दार्यी तरफ ऊपरी वृत्त के चतुर्थ भाग में मांस जैसा आकार

65. Which factor places an infant at greater risk than an adult for developing Otitis media ?

(A) Introduction of solid food

(B) Flat, wide Eustachian tubes

(C) Immature cardiac sphincter

(D) Feeding in semi-fowler's position

बच्चे में कौनसा कारक वयस्क की तुलना में बच्चों को अधिक खतरा है जिससे बच्चों में ओटाइटिस मीडिया रोग हो जाता है ?

(A) ठोस आहार का परिचय

(B) फ्लैट, व्यापक इयुस्टेचियन ट्यूबों

(C) इमेचर कार्डियक स्फिंक्टर

(D) दूध देते समय बच्चों को उच्च फॉलर स्थिति में रखना

66. The following are the general measure to manage a simple case of morning sickness in pregnancy :

(A) Use spicy and fatty food

(B) Take small frequent meal low in carbohydrate and protein

(C) Eating bland and dry food e.g. biscuits in the morning

(D) Take antiemetic drugs every day

गर्भावस्था में मॉर्निंग सिकनेस का उपचार निम्नलिखित साधारण मेजरमेण्ट द्वारा किया जाता है :

(A) मसालेदार और वसायुक्त भोजन का प्रयोग करें

(B) कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन में छोटे अक्सर भोजन कम लें

(C) नरम और सूखे भोजन जैसे सुबह में बिस्कुट लें

(D) हर दिन वमनरोधी दवायें लें

67. A patient report to OPD for first time with H/O pain abdomen, bleeding P/V and amenorrhoea. Which could be due to ?

(A) Abortion

(B) Molar pregnancy

(C) Ectopic pregnancy

(D) All of these

एक मरीज ओपीडी में पहली बार पेट दर्द, एमेनोरिया व योनि से खून बहने की हिस्ट्री बताती है जिसका कारण निम्नलिखित हो सकता है :

(A) गर्भपात

(B) मोलर गर्भावस्था

(C) अस्थानिक गर्भावस्था

(D) ये सभी

68. The following is true about trial of labour :

(A) Conducted for moderate degree of cephalo pelvic disproportion

(B) Can be employed in partially dilated cervix

(C) Does not need any supervision

(D) None of these

निम्नलिखित कथन ट्रायल लेबर के बारे में सत्य है :

(A) सीफेलो श्रोणी विषमता के उदारवादी डिग्री के लिए आयोजित

(B) आंशिक रूप से फैली हुई ग्रीवा में नियोजित किया जा सकता है

(C) किसी भी पर्यवेक्षण की जरूरत नहीं है

(D) इनमें से कोई नहीं

69. Chadwick sign is :

(A) Visible contraction of uterus

(B) Pulsation over abdomen

(C) Dusky hue of vestibule and anterior vaginal wall

(D) None of these

निम्न चाडविक संकेत है ?

(A) गर्भाशय के दर्शनीय संकुचन

(B) पेट पर धड़कन

(C) पहली तिमाही वेस्टीबुल और एण्टीरियर वैजाइनल दीवार का रंग मटमैला हो जाना

(D) इनमें से कोई नहीं

70. Most common site of ectopic pregnancy :

(A) Tubal–Ampulla

(B) Tubal Isthmus

(C) Ovarian

(D) Cervical

अस्थानिक गर्भावस्था की आम जगह क्या है ?

(A) ट्यूबल/एम्पुला

(B) ट्यूबल इस्थमस

(C) अण्डाशय (अण्डाशयी)

(D) सर्वाइकल

71. Largest diameter of pelvic out let is :
(A) Anterior Posterior
(B) Transverse Diameter
(C) Oblique Diameter
(D) None of these

पैल्विक आउट लेट का सबसे बड़ा डायमीटर कौनसा है ?
(A) एण्टीरियर पोस्टीरियर
(B) ट्रांस्वर्स डायमीटर
(C) ऑब्लिक डायमीटर
(D) इनमें से कोई नहीं

72. Opaque ring on the foetal surface has little significant known as :
(A) Placenta Succenturita
(B) Placenta bi partita
(C) Placenta tripartite
(D) Placenta circumvallata

प्लेसेण्टा में भ्रूण की सतह की तरफ अपारदर्शी अंगूठी दिखाई देती है, जिसका ज्यादा महत्त्व नहीं होता उसे क्या कहते हैं ?
(A) अपरा सक्सेन्चुरीटा
(B) अपरा द्वि पारटीटा
(C) अपरा त्रिपक्षीय
(D) प्लेसेण्टा सरकमवैलेटा

73. Umbilical cord composed of an embryonic form of connective tissue, intermingled with gelatinous substance is called :
(A) Wharton's jelly
(B) Amnion
(C) Chorion
(D) Velamentous insertion

गर्भनाल जो एम्ब्रियोटिक कनेक्टिव टिशु से बनती उसके ऊपर गेलैटिनस पदार्थ हो उसे क्या कहते हैं ?
(A) ह्वार्टन जैली
(B) एमनियोन
(C) कोरियोन
(D) वेलामेन्टस प्रविष्टि

74. The suture forms every useful land marks to determine presentation and position when making vaginal examination during labour. The Sagital Suture :

(A) Lies between the two parietal bone

(B) Separate the occipital and parietal bone

(C) Runs between the parietal and frontal bone crossing the one temple to the other

(D) Separate the two halves of the frontal bone

प्रसव के दौरान वैजिनल परीक्षण करते समय सूचर (टाँका) प्रस्तुतीकरण तथा स्थिति निर्धारित करने के लिए प्रत्येक उपयोगी लैण्ड मार्क्स बनाता है। सैजिटल सूचर :

(A) दो पैराइटल अस्थि के बीच है

(B) ऑक्सिपीटल तथा पैराइटल अस्थि को अलग करता है

(C) एक टेम्पल से दूसरे टेम्पल को क्रॉस करता हुआ पैराइटल तथा फ्रंटल अस्थि के बीच रन करता है

(D) फ्रंटल अस्थि को आधा-आधा करता है

75. First foetal movements felt recognised by the mother between 16 to 20 weeks of pregnancy is :

(A) Quickening

(B) Foetal movements

(C) Uterine soufflé

(D) Bladder irritability

पहली भ्रूण मूवमेण्ट जिसे माँ द्वारा महसूस किया जाता है 16 से 20 सप्ताह के गर्भ के दौरान पहली महसूस पहली भ्रूण मूवमेण्ट्स को क्या करते हैं ?

(A) क्विकनिंग

(B) फीटल मूवमेंट्स

(C) गर्भाशय सुफले

(D) मूत्राशय चिड़चिड़ापन

76. Phantom or false pregnancy is :

(A) Striae gravid arum

(B) Pseudocyesis

(C) Gravida

(D) Nully para

झूठी व फैन्टम गर्भावस्था यह है :

(A) स्ट्राय गर्भवती एरम

(B) स्यूडोसाइसिस

(C) ग्रेविडा

(D) नल्ली पैरा

77. All are true about the signs of foetal deaths in early pregnancy except :

(A) Signs of pregnancy subside

(B) Uterus is small for dates

(C) Brownish discharge per vagina

(D) Foetal heart detection in ultrasonic scanner

केवल एक को छोड़कर निम्न सभी कथन गर्भावस्था में भ्रूण की मौतों के लक्षण को दर्शाते हैं :

(A) गर्भावस्था के लक्षण लुप्त होना

(B) गर्भाशय तरीकों के लिये छोटा होना

(C) योनि से भूरा स्राव

(D) अल्ट्रासोनिक स्केनर से भ्रूण की दिल की धड़कन सुनना

78. All the following methods are used to determine the cephalo pelvic disproportion except :

(A) Chassar–Moirs method

(B) Munro-Kerr's method

(C) Left-hand grip

(D) Lateral palpation

केवल एक को छोड़कर सभी निम्न तरीकों का इस्तेमाल सिफेलों पैल्विक विषमता का निर्धारण करने के लिए इस्तेमाल करते हैं :

(A) चैसर-मौर्स विधि

(B) मुनरो-केर की विधि

(C) बायाँ हाथ पकड़

(D) लेटरल टटोलने का कार्य

79. When disturbance is so slight, Os is closed, membrane is intact and possibility for pregnancy to continue to term is known as :

(A) Therapeutic abortion

(B) Threatened abortion

(C) Blood mole

(D) Carneous mole

जब गर्भ में थोड़ी खलबली है, ऑस बन्द है, झिल्ली बरकरार है और गर्भ को टर्म तक ले जाने की सम्भावनाएँ होती हैं, उसे क्या कहते हैं ?

(A) चिकित्सीय गर्भपात

(B) थ्रीटण्ड गर्भपात

(C) ब्लड मोल

(D) कार्नीयस मोल

80. Cystic proliferation of Choronic epithelium is known as :
(A) Hydatidiform mole
(B) Oedematous Placenta
(C) Ectopic Pregnancy
(D) Polyhydramnios
कोरियोनिक एपीथीलियम का सिसटिक प्रोलीफिरेशन को क्या कहते हैं ?
(A) हाइडेटिडीफॉर्म मोल
(B) ओडीमेटस प्लेसेण्टा
(C) अस्थानिक गर्भावस्था
(D) पोलिहाइड्रेमनियोस

81. Vomiting persist throughout the day and woman's health becomes impaired is known as :
(A) Morning sickness
(B) Nausea vomiting
(C) Hypermesis gravidarum
(D) All of these
महिला को जब उल्टी दिन भर जारी रहती है तथा उसका स्वास्थ्य खराब होता है तो उसे किस रूप से जाना जाता है ?
(A) मार्निंग सिकनेस
(B) मीतली उल्टी (नोजिया वोमटिंग)
(C) हाइपरमेसिस ग्रेवीडेरम
(D) ये सभी

82. Serious signs and symptoms of pre-eclampcia are :
(A) Sharp rise in blood pressure
(B) Increase proteinuria
(C) Severe headache and visual disturbance
(D) All of these
निम्न सभी पूर्व-एक्लेमशिया के गम्भीर व संकेत लक्षण हैं :
(A) रक्त चाप में तीव्र वृद्धि
(B) बढ़ा हुआ प्रोटीन यूरिया
(C) गम्भीर सिर दर्द और दृश्यअशान्ति
(D) ये सभी

83. The chance of intra utero transmission of AIDS is increased in the following conditions :

(A) Chorioamnionitis

(B) Prolong rupture of membrane and prolong labour

(C) Prematurity and IUGR

(D) All of these

गर्भावस्था के दौरान एड्स के गर्भाशय संचरण की निम्न परिस्थितियों में वृद्धि होती है ?

(A) भ्रूण को ढँकने वाली झिल्लियों की सूजन (कोरियोएम्निओनिटिस)

(B) झिल्ली का लम्बे समय से टूटना तथा प्रोलॉन्ग लेबर

(C) कुसमयता और आई. यू. जी. आर.

(D) ये सभी

84. Effect of Polyhydramnios in pregnancy is :

(A) Prolapse of cord

(B) Malpresentation

(C) P.P.H.

(D) All of these

गर्भावस्था में पॉलिहाइड्रेम्निओस का प्रभाव है :

(A) गर्भनाल को आगे को बढ़ाओ

(B) मालप्रजेण्टेशन

(C) प्रसव के बाद रक्त स्राव

(D) ये सभी

85. The factor that increases the risk of transmission of HIV to new born during labour is :

(A) Premature birth and low birth weight

(B) 1st infant of multiple births

(C) Altered skin integrity

(D) All of these

प्रसव के दौरान नवजात को एच. आई. वी. के संचरण का खतरा बढ़ जाता है जिसका कारक है :

(A) समय से पहले जन्म और कम वजन

(B) मल्टीपल बर्थ में पहला बच्चा

(C) अल्टर्ड त्वचा इण्टेग्रिटी

(D) ये सभी

86. During labour HIV testing in emergency (if pre-test not done) to be done by :

(A) Single rapid test

(B) Elisa

(C) Western blot

(D) Coomb's test

प्रसव के दौरान आपात् स्थिति में कौनसा एच. आई. वी. परीक्षण किया जाता है (यदि पहले न हुआ हो तो) ?

(A) सिंगल रेपिड टेस्ट

(B) एलिसा

(C) वेस्टर्न ब्लॉट

(D) कूम्ब टेस्ट

87. Obstetrical emergencies of pregnancy includes all except :

(A) Ectopic pregnancy

(B) Placenta accreta

(C) Placenta previa

(D) Eclampcia

केवल एक स्थिति को छोड़कर बाकी सभी गर्भावस्था की आपात् स्थिति में शामिल हैं :

(A) अस्थामिक गर्भाशय

(B) प्लेसेण्टा ऐक्रीटा

(C) प्लेसेण्टा प्रिविया

(D) एक्लेम्पशिया

88. Nurse is assessing a patient admitted with bacterial meningitis. She is expected to find all of the following signs except :

(A) Trismus
(B) Nuchal rigidity
(C) Kerning's Signs
(D) Brudzinski's Sign

नर्स बैक्टीरियल मैनिनजाइटिस के साथ भर्ती रोगी का आकलन कर रही है। केवल एक को छोड़कर बाकी सभी लक्षण इस रोग में मिलने की उम्मीद है :

(A) जबड़े के अकड़ जाने का रोग (ट्रीसमस)
(B) नुकल कठोरता
(C) करनिंग साइन
(D) ब्रूडजिंस्की साइन

89. While communicating with patient who has expressive aphasia the nurse should :

(A) Speak loudly and clearly to the unaffected side
(B) Allow the patient time to respond
(C) Use simple sentences with appropriate gestures
(D) Ask the patient to write what he wants

एक मरीज जो वाचाघात से ग्रसित है। नर्स उसके साथ अर्थपूर्ण संवाद स्थापित करने के लिए क्या कहेगी ?

(A) अप्रभावित किनारे की तरफ से जोर व स्पष्ट रूप से बोले
(B) जबाव के लिए मरीज को समय दे
(C) उपयुक्त इशारों से सरल वाक्यों का प्रयोग करे
(D) रोगी को क्या चाहिए, उसे लिखने को कहे

90. Long-term penicillin therapy for the patient with rheumatic fever is indicated to :

(A) Prevent chronic rheumatic carditis
(B) To arrest the progress of migratory arthritis
(C) To destroy the infective organism and cure the disease
(D) To prevent recurrence of rheumatic fever

लम्बी अवधि तक पेनिसिलिन का उपचार गठिया रोग वाले मरीज को यह संकेत देता है :

(A) जीर्ण रूमेटिक कार्डाइटिस रोकता है
(B) प्रवासी गठिया की प्रगति में रोक
(C) संक्रामक जीव नष्ट करने और रोग का इलाज करने के लिए
(D) रूमेटिक बुखार की पुनरावृत्ति की रोक

91. Which of the following is the most common cause of mitral valve stenosis in Indian patient ?
(A) Congenital Heart disease
(B) Rheumatic endocarditis
(C) Rheumatic Arthritis
(D) Infective endocarditis

भारतीय मरीज में निम्न में से कौनसा माइट्रल वाल्व स्टेनोसिस (M.V.S.) का आम कारण है ?
(A) जन्मजात हृदय रोग
(B) रूमेटिक अन्तर्हृदशोथ
(C) रूमेटिक आर्थ्राइटिस
(D) संक्रामक अन्तर्हृदशोथ

92. The nurse is teaching an elderly patient with angina regarding the administration of Nitrates with of the following instructions the nurse should emphasize :
(A) Keep your medication in refrigerator at all time
(B) You may repeat the dose of sublingual nitro-glycerine every 30 minutes for 3 doses if required
(C) Lie down or sit in a chair for 5 – 10 minutes after taking the drug
(D) Swallow your pill with a big glass of water or milk

नर्स एक बुजुर्ग एन्जाइना से ग्रसित मरीज को नाइट्रेट उपचार से सम्बन्धित शिक्षा देते हुए जोर देती है :
(A) दवा हर समय फ्रिज में रखें
(B) आप नाइट्रेट ग्लिसरीन की तीन खुराक हर 30 मिनट बाद दोहरा सकते हैं यदि आवश्यकता हो तो
(C) दवा लेने के बाद 5 – 10 मिनट तक कुर्सी पर बैठें या लेट जाएँ
(D) दवा को पानी या दूध के एक बड़े गिलास के साथ निगल लें

93. The most common cause of Myocardial infarction is :
(A) Aneurysm of coronary artery
(B) Thrombus formation in a coronary artery
(C) Occlusion of coronary artery by an embolus
(D) Vasospasm of coronary artery

रोधगलन (मायोकार्डियल इन्फार्क्शन) का सबसे आम कारण क्या है ?
(A) कोरोनरी धमनी में एन्यूरिज्म
(B) कोरोनरी धमनी में थ्रोम्बस का गठन
(C) थक्के से कोरोनरी धमनी में रोड़ा
(D) कोरोनरी धमनी में वेसोस्पाज्म

94. The pain medication of choice in acute Myocardial Infarction is :

(A) Pethidine hydrochloride

(B) Diclophenac sodium

(C) Codeine sulphate

(D) Morphine sulphate

तीव्र रोधगलन (M.I.) में दर्द की दवा का विकल्प क्या है ?

(A) पैथेडीन हाइड्रॉक्लोराइड

(B) डिक्लोफेनक सोडियम

(C) कोडीन सल्फेट

(D) मॉर्फीन सल्फेट

95. The Nurse is taking care of a patient at high risk of aspiration Pneumonia. Which of the following nursing intervention will help to prevent aspiration Pneumonia ?

(A) Performing mouth care with the patient in supine position

(B) Elevating the head of the patient in at least 45 degree angle after entering feeding.

(C) Providing pulmonary toilet after feeding the patient

(D) Both (B) and (C)

नर्स एक एस्पीरेशन निमोनिया के उच्च जोखिम वाले मरीज की देखभाल कर रही है निम्नलिखित नर्सिंग हस्तक्षेप से एस्पीरेशन निमोनिया रोकने में मदद मिलेगी :

(A) मुँह की सफाई करते समय मरीज को सीधी स्थिति में रखें

(B) फीड देने के बाद मरीज का सिर कम से कम 45 डिग्री में ऊपर उठाएँ

(C) फीड देने के बाद पल्मोनरी टायलेटिंग करें

(D) (B) और (C) दोनों

96. A positive reaction to Mantux test indicates that :

(A) The individual has active tuberculosis

(B) The individual has developed immunity to tuberculosis

(C) The individual has been exposed to tuberculosis

(D) The individual will develop active tuberculosis in near future

पॉजीटिव मेंन्टक्स परीक्षण इंगित करता है :

(A) व्यक्ति को सक्रिय तपेदिक है

(B) व्यक्ति ने तपेदिक के लिए प्रतिरक्षा को विकसित किया है

(C) व्यक्ति तपेदिक से अवगत हुआ है

(D) व्यक्ति को निकट भविष्य में सक्रिय तपेदिक का विकास होगा

97. The nurse is assessing a patient underwent colostomy 24 hours ago. Which of the following findings should the nurse immediately report to the surgeon ? If :

(A) Stoma appears red in colour

(B) Stoma appears dusky in colour

(C) Stoma is slightly oedematous

(D) Slight oozing from stoma when touches

नर्स एक मरीज को जिसकी 24 घंटे पहले कोलोस्टमी हुई है। उसकी देखभाल करते हुए निम्न निष्कर्ष में से कौनसा तुरन्त सर्जन को रिपोर्ट करना चाहिए ? यदि :

(A) स्टोमा लाल रंग में दिखाई देता हो

(B) स्टोमा रंग में काला दिखाई देता हो

(C) स्टोमा में थोड़ी सूजन हो

(D) छूने पर स्टोमा से थोड़ा-सा स्राव निकलता हो

98. The nurse taking care of a patient with colostomy instruct the patient to take care of the skin around stoma by :

(A) Avoiding the use of soap or irrigating agents

(B) Clean the stoma and surrounding skin with Hydrogen peroxide

(C) Clean the stoma and surrounding skin with mild soap and water and apply a skin barrier

(D) Clean the stoma and surrounding skin with plain water and dry thoroughly

नर्स कोलोस्टमी हुए मरीज की देखभाल करते हुए रोगी को स्टोमा के आस-पास की त्वचा देखभाल करने के लिए क्या हिदायत देती है ?

(A) साबुन व इरिगेटिंग एजेन्ट का उपयोग से बचाव

(B) स्टोमा व आस-पास की त्वचा को हाइड्रोजन पैरोक्साइड से साफ करें

(C) स्टोमा व आस-पास की त्वचा को हल्के साबुन व पानी से साफ करें तथा त्वचा बाधा लगाएँ

(D) स्टोमा व आस-पास की त्वचा को सादे पानी से धोएँ और अच्छी तरह सुखाएँ

99. The nurse is teaching a group of diabetic patients regarding prevention of foot ulcer. Which of the following she should emphasize in her teaching ?

(A) Wash and inspect all surfaces of the feet daily

(B) Cut the toenail by rounding edges

(C) Treat small cuts promptly by disinfection with iodine

(D) Use hot water bottles to warm feet in winter to improve circulation

नर्स पैर अलसर की रोकथाम के बारे में मधुमेह के रोगियों को एक समूह में सिखा रही है। निम्नलिखित में से उसे सिखाने में जोर देकर क्या कहना चाहिए ?

(A) पैर को हर रोज धोएँ व सभी सतहों का निरीक्षण करें

(B) पैर के नाखून को गोलाई में काटें

(C) छोटे जख्म/कट्स को आयोडीन से डिस्इन्फेक्ट करें

(D) परिसंचरण में सुधार व पैरों को गर्म करने के लिए सर्दियों में गर्म पानी की बोतल इस्तेमाल करें।

100. A 60 years old patient comes to the hospital in emergency with acute gouty arthritis. An immediate nursing intervention would be to :

(A) Relieve pain

(B) Demonstrate crutch walking

(C) Teach dietary modification

(D) Promote dieresis by administering diuretics

एक 60 साल का बुजुर्ग रोगी तीव्र वातरोग गठिया के साथ आपात् स्थिति में अस्पताल के लिए आता है। तत्काल नर्सिंग हस्तक्षेप के लिए क्या किया जाएगा ?

(A) दर्द से छुटकारा

(B) बैसाखी पर चलने को प्रदर्शित करें

(C) आहार संशोधन सिखाएँ

(D) ड्यूरेटिक्स द्वारा पेशाब को बढ़ायें